**बिहार सरकार**

**संसदीय कार्य विभाग**

**।। अधिसूचना ।।**

अधि०सं०–सं०का०–1 / वि०मं० ( महानुभाव)–08–03 / 2021–……. / पटना, दिनांक–……….**2025**

विभागीय अधिसूचना संख्या–814, दिनांक–24.09.2024 के द्वारा श्री संजय सरावगी, माननीय स०वि०स०, क्षेत्र संख्या–83 (दरभंगा) तथा श्री विजय कुमार मंडल, माननीय स०वि०स०, क्षेत्र सं०–51 (सिकटी), सचेतक, सत्तारूढ़ दल को बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन एवं भत्ते) नियमावली, 2006 के नियम–3 (क) के तहत् दिनांक–12.09.2024 के प्रभाव से राज्य मंत्री के समान सुविधा दी गयी है।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या–239, दिनांक–27.02.2025 द्वारा श्री संजय सरावगी, माननीय स०वि०स० तथा श्री विजय कुमार मंडल को बिहार राज्य का मंत्री एवं मंत्रिपरिषद् का सदस्य नियुक्त करते हुए क्रमशः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग का कार्य आवंटित किया गया है। उक्त के आलोक में उन्हें बिहार के मंत्री (वेतन एवं भत्ते) नियमावली, 2006 (अद्यतन संशोधित) के तहत वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधायें (निजी कर्मचारी की सुविधा सहित) अनुमान्य की गयी है। अतः उन्हें बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन एवं भत्ते) नियमावली, 2006 के नियम–3 के आलोक में सचेतक मनोनीत होने के कारण अनुमान्य राज्य मंत्री के समान सुविधायें दिनांक–27.02.2025 के प्रभाव से देय नहीं होगी।

एतद् संबंधी पूर्व में निर्गत अधिसूचना संख्या–814, दिनांक–24.09.2024 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

**ह० / –**

**(नवीन)**

**सरकार के अपर सचिव।**

ज्ञापांक– सं०का०–1 / वि०मं० (महानुभाव)–08–03 / 2021–……. / पटना, दिनांक–…………..**2025**

प्रतिलिपि–महालेखाकार, बिहार, पटना, माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, मुख्य सचिव, बिहार, पटना, माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग के आप्त सचिव, संबंधित माननीय सचेतक, बिहार विधान सभा, प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, लेखा–शाखा, बिहार विधान सभा, सचिव, बिहार विधान परिषद, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिलाधिकारी, सभी विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह० / –**

**सरकार के अपर सचिव।**

28-02-2025

ज्ञापांक–सं0का0–1 / वि0मं0 (महानुभाव)–08–03 / 2021–........ / पटना, दिनांक–.............**2025**

प्रतिलिपि–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

**सरकार के अपर सचिव।**

ज्ञापांक–सं0का0–1 / वि0मं0 (महानुभाव)–08–03 / 2021–191 / पटना, दिनांक–06.03.**2025**

प्रतिलिपि–अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ एवं आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

6/3/25

**सरकार के अपर सचिव।**

Ayush

28-02-2025